शिक्षा निदेशालय ,राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
अभ्यास प्रश्न पत्र **(2023-24)**
कक्षा-**12**
विषय : इतिहास

अवधि: **3** घंटे                                        अधिकतम अंक : **80**

---

सामान्य निर्देश:

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल 34 प्रश्न है जोA,B,C,D और E पांच खण्डमें विभाजित है |सभी प्रश्न अनिवार्य है |

( ii ) खण्ड A – इस खण्ड में प्रश्न संख्या 1 से 21 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है | प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है |

( iii ) खण्ड B – इस खण्ड में प्रश्न संख्या 22 से 27 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है ,प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है,इनका उत्तर 60-80 शब्दों से अधिक न हो |

( iv ) खण्ड C – इस खण्ड में प्रश्न संख्या 28 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है,प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है,इनका उत्तर 250 से 300 शब्दों में देना है |

( v) खण्ड D – प्रश्न संख्या 31 से 33 तक अवतरण आधारित प्रश्न है,प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है |

(vi) खण्ड E – प्रश्न संख्या 34 मानचित्र आधारित प्रश्न है जो पांच अंक का है |इसमें स्थानों की पहचान और स्थिति दर्शाने सम्बन्धी प्रश्न है | मानचित्र को उत्तरपुस्तिका के साथ संलग्न करना है

( vii ) प्रश्न पत्र में व्यापक विकल्प उपलब्ध नहीं है कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ऐसे प्रश्नों में कोई एक प्रश्न करना है |

( viii) आवश्यकनुसार प्रत्येक खण्ड में कुछ अतिरिक्त निर्देश भी दिए गए हैं |

DOE, Delhi

| | खंड **A** | **1*21=21** |
|---|---|---|
| प्रश्न सं. **QN** | | अंक/ **MARKS** |
| 1 | फ्रांस्वा वर्नियर ने अपना यात्रा वृतांत किसे समर्पित किया है-<br>a. लुई XIII<br>b. लुई XIV<br>c. लुई XVI<br>d. विलियम II | 1 |
| 2 | विजयनगर ........ नदी के दक्षिणी किनारे पर स्थित था।<br>a. गोदावरी<br>b. कृष्णा<br>c. तुंगभद्रा<br>d. कावेरी | 1 |
| 3 | भारत का प्रथम सर्वेयर जनरल कौन था?<br>a. जॉन मार्शल<br>b. कॉलिन मैकेंजी<br>c. बारबोसा | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | d. हाल्ट मैकेंजी | |
| 4 | इंडिका के लेखक कौन है?<br>a. कौटिल्य<br>b. पतंजलि<br>c. मेगास्थनीज<br>d. पाणिनि | 1 |
| 5 | ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपि को सबसे पहले किसने पढ़ा?<br>a. जेम्स प्रिन्सेप<br>b. कनिंघम<br>c. व्हीलर<br>d. जॉन मार्शल | 1 |
| 6 | सुमेलित कीजिए :<br>A –अशोक i -अंतिम मौर्य शासक<br>B –कौटिल्य ii –मगध का शासक<br>C – ब्रहद्रथ iii –पियदस्सी<br>D – बिम्बसार Iv –अर्थशास्त्र<br>कोड :<br>A B C D<br>(a) IV II I III<br>(b) III IV I II<br>(c) I III II IV<br>(d) IV I III II | 1 |
| 7 | महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण .........के निर्देशन में तैयार किया गया.<br>I –वेद व्यास्<br>II –चाणक्य<br>III – मनु<br>IV –वी एस सुक्थांकर | 1 |
| 8 | कथन (A ): बुद्ध के जीवन काल में और उसके बाद भी बौद्ध धर्म का तेजी से विस्तार हुआ<br>कारण (R ): इसने प्रचलित धार्मिक मान्यताओं से असंतुष्ट तथा तेजी से बदलते सामजिक परिवर्तनों से भ्रमित बहुत से लोगो को आकर्षित किया\|\|<br>(a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R,A की सही व्याख्या है<br>(b) A और दोनों सत्य है किन्तुR, Aकी सही व्याख्या नहीं हैं<br>(c)A सत्य किन्तु R असत्य है<br>(d) A असत्य किन्तु R सत्य है | 1 |
| 9 | कथन (A ) :गुरुनानक ने धार्मिक आडम्बर का सख्त विरोध किया<br>कारण ( R ) वह सगुण भक्ति के समर्थक थे | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | (a) : A और R दोनों सत्य है तथा R,A की सही व्याख्या है<br>(b) (b): Aऔर R दोनों सत्य है किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है<br>(c): A सत्य किन्तु R असत्य है<br>(d): A असत्य किन्तु R सत्य है | |
| 10 | भारतीय पुरातत्व का जनक किसे माना जाता है<br>a. जॉन मार्शल<br>b. व्हीलर<br>c. दयाराम साहनी<br>d. एलेग्जेंडर कनिंघम | 1 |
| 11 | निम्न में से कौन हड़प्पा सभ्यता की एक विशेषता है-<br>a. नगर योजना<br>b. जल निकास प्रणाली<br>c. दुर्ग और निचला शहर<br>d. उपरोक्त सभी | 1 |
| 12 | हड़प्पा सभ्यता का विकास .....................काल में हुआ.<br>a. महापाषाण<br>b. पुरापाषाण<br>c. नवपाषाण<br>d. ताम्र पाषाण | 1 |
| 13 | निम्न चित्र को पहचानिए<br>a. विरूपाक्ष मन्दिर<br>b. विट्ठल मन्दिर<br>c. हजार राम मन्दिर<br>d. पम्पादेवी मन्दिर<br> | 1 |
| 14 | आइन ए अकबरी में ........... दफ्तर हैं-<br>a. 3 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | b. 4<br>c. 5<br>d. 6 | |
| 15 | दामिन ए कोह था. ..<br>a. राजस्व कर<br>b. इस्लाम की एक पवित्र पुस्तक<br>c. संथालों की भूमि<br>d. धार्मिक कर | 1 |
| 16 | निम्न घटनाओं पर विचार करे<br>I –स्थाई बंदोबस्त लागू होना<br>II –अमेरिका का ग्रहयुद्ध<br>III –ब्रिटेन की संसद में पांचवी रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण<br>IV –संथालों का राजमहल की पहाड़ियों में प्रवेश<br><br>इन घटनाओं के घटित होने का सही क्रम है -<br>(a) I,II,III,IV<br>(b) I,IV,III,II<br>(c) I,III,II,IV<br>(d) II,I,IV,III | 1 |
| 17 | सुमेलित करो-<br>A – जमींदारी व्यवस्था — I - दिल्ली<br>B – इक्तादारी व्यवस्था — II-मप्र. उप्र. पंजाब<br>C –रैयतवाडी व्यवस्था — III –बंगाल<br>D – महालवाडी व्यवस्था — IV –मद्रास<br>Code<br>A B C D<br>(a) II IV III I<br>(b) III I IV II<br>(c) IV II III I<br>(d) I III II IV | 1 |
| 18 | सुमेलित करें -<br>A – नाना साहब — I -दिल्ली<br>B – बहादुर शाह — II- रुहेलखण्ड<br>C –बिरजिस कादिर — III- कानपुर<br>D –खान बहादुर — IV –लखनऊ<br>कोड :<br>A B C D<br>(a) III II I IV<br>(b) II I IV III<br>(c) III I IV II<br>(d) I II III IV | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 19 | “रिलीफ ऑफ़ लखनऊ” नामक चित्र ......................... ने बनाया था.<br>a. हेनरी लॉरेंस<br>b. थॉमस जोंस बार्कर<br>c. जोसेफ पैट्रन<br>d. फ़्रांसी ग्रांट | 1 |
| 20 | अवध का अंग्रेजी साम्राज्य में विलय कब हुआ?<br>a. 1853<br>b. 1854<br>c. 1855<br>d. 1856 | 1 |
| 21 | नाना साहब के विद्रोह में शामिल होने का क्या कारण था ?<br>a. अंग्रेजों की राज्य हड़प नीति<br>b. अवध का अंग्रेजी साम्राज्य में विलय<br>c. उन्हे पेशवा बाजीराव का उत्तराधिकारी न मानना<br>d. तालुकेदारों की सत्ता ख़त्म होना | 1 |
| | **खंड-B** | 3X6=18 |
| 22 | हड़प्पा सभ्यता के गृह स्थापत्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिये \|<br>OR<br>हड़प्पा सभ्यता की लिपि रहस्यमय है, कैसे ? | 3 |
| 23 | प्राचीन काल में भूमि दान क्यों किये जाते थे? | 3 |
| 24 | इब्न बतूता ने भारत में संचार की कैसी अनूठी प्रणाली का वर्णन किया है? | 3 |
| 25 | महानवमी डिब्बा की संरचना एवं महत्व का वर्णन करिए। | 3 |
| 26 | दामिन ए कोह में आकर संथालों की यात्रा को मानो पूर्ण विराम लग गया, कैसे? | 3 |
| 27 | “ये गिलास फल एक दिन मेरे मुंह में आकर गिरेगा.” से आप क्या समझते हैं? व्याख्या करें.<br>OR<br>1857 के विद्रोह के दौर के प्रमुख अफवाहों का उल्लेख करिए \| | 3 |
| | **खंड-C** | 8X3=24 |
| 28 | सिन्धु घाटी सभ्यता को कालांतर में “हडप्पा सभ्यता” क्यों कहा जाने लगा? इसे नगरीय सभ्यता क्यों कहा जाता है?<br>अथवा<br>महाजन्पद से आप क्या समझते है? इनके प्रमुख अभिलक्षण क्या थे? | 8 |
| 29 | अमरनायक कौन थे? इस प्रणाली को विजयनगर की राजनीतिक व्यवस्था की एक प्रमुख विशेषता क्यों माना जाता है?<br>अथवा | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | विजयनगर की जल सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ती किस प्रकार की जाती थी? व्याख्या कीजिये. | |
| 30 | पहाडिया कौन थे उनके जीवन शैली की प्रमुख विशेषताएं क्या थी?<br><br>अथवा<br>पांचवी रिपोर्ट से आप क्या समझते हैं? इसे ब्रिटेन की संसद में क्यों पेश किया गया? | 8 |
| | **खंड-D** | 4x3=12 |
| 31 | नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़ कर इस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दो-<br><br>द्रौपदी का प्रश्न<br>ऐसा मन जाता है की द्रौपदी ने युधिष्ठिर से यह प्रश्न किया था वह उसे दांव पर लगाने से पहले स्वयं को हार बैठे थे अथवा नहीं \|इस प्रश्न के उत्तर में दो भिन्न मतों को प्रस्तुत किया गया \|<br>प्रथम तो यह की यदि युधिष्ठिर ने स्वयं को हार जाने के पश्चात द्रौपदी को दांव पर लगाया तो यह अनुचित नहीं क्योंकि पत्नी पर पति का सदैव नियंत्रण रहता है<br>दूसरा यह की दासत्व स्वीकार करने वाला पुरुष (जैसे उस क्षण युधिष्ठिर थे ) किसी और को दांव पर नहीं लगा सकता \|<br>इन मुद्दों  का कोई निष्कर्ष नहीं निकला और अंततः धृतराष्ट्र ने सभी पाडवों और द्रौपदी को उनकी निजी स्वतंत्रता लौटा दी \|<br><br>( i  ) इस अवतरण में पत्नी के रूप में द्रौपदी की किस स्थिति का वर्णन किया गया है?<br>( ii ) द्रौपदी के प्रश्न के उत्तर में क्या दो विरोधी मत व्यक्त किये गए ?<br>( iii ) क्या द्रौपदी द्वारा युधिष्ठिर को दी गयी चुनौती उचित थी ? अपने उत्तर के समर्थन में दो तर्क दीजिये. | 1<br>1<br>2 |
| | नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़ कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दो-<br>डाक व्यवस्था का वर्णन इब्नबतूता इस प्रकार करता है<br>भारत में दो प्रकार की डाक व्यवस्था है।अश्व डाकव्यवस्था जिसे उलुक कहा जाता है, हर चार मील की दूरी पर स्थापित राजकीय घोडों दारा चालित होती है। पैदल डाकव्यवस्था के प्रति मील तीन अवस्थान होते हैं; इसे दावा कहा जाता है, और यह एक मील का एक-तिहाई होता है... अब,हर तीन मील पर घनी आबादी वाला एक गाँव होता है जिसके बाहर तीन मंडप होते हैं जिनमें लोग कार्य आरंभ के लिए तैयार बेठे रहते हैं। उनमें से प्रत्येक के पास दो हाथ लंबी एक छड़ होती है जिसके ऊपर ताँबे की घंटियाँ लगी होती हैं। जब संदेशवाहक शहर से यात्रा आरंभ करता है तो एक हाथ में पत्र तथा दूसरे में घंटियों सहित छड़ लिए वह क्षमतानुसार तेज़ भागता है। जब मंडप में बैठे लोग घंटियों की आवाज़ सुनते हैं तो वे तैयार हो जाते हैं। जैसे ही संदेशवाहक उनके पास पहुँचता है, उनमें से एक उससे पत्र लेता है और वह छड़ हिलाते हुए पूरी ताकत से दौड़ता है, जब तक वह अगले दावा तक नहीं पहुँच जाता। पत्र के अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचने तक यही प्रक्रिया चलती रहती है। यह पैदल डाकव्यवस्था अश्व डाकव्यवस्था से अधिक तीव्र होती है;और इसका प्रयोग अकसर खुरासान के फलों के परिवहन के लिए होता है, जिन्हें भारत में बहुत पसंद किया जाता है।<br>(i)दो प्रकार की डाक व्यवस्थाओं क्या थी ?<br>(ii)पैदल डाक व्यवस्था किस प्रकार कार्य करती थी ?<br>(iii)क्या आप समझतें है की इन  दो डाक व्यवस्थाओं का प्रयोग संपूर्ण उपमहादीप में किया जाता था ?इसे अनूठी व्यवस्था क्यों कहा जाता है ? | 1<br>1<br>2 |

| | | |
|---|---|---|
| 33 | नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़ कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दो-<br>मौलवी अहमदुल्ला शाह 1857 के विद्रोह में अहम भूमिका निभाने वाले बहुत सारे मौलवियों मे से एक थे। हैदराबाद में शिक्षित शाह काफ़ी कम उम्र में ही उपदेशक बन गए थे। 1856 में उन्हें अंग्रेजों के ख़िलाफ़ जिहाद का प्रचार करते और लोगों को विद्रोह के लिए तैयार करते हुए गाँव-गाँव जाते देखा गया था। वे एक पालकी में बैठकर चलते थ। पालकों के आगे-आगे ढोल और पीछे उनके समर्थक होते थे। इसीलिए उन्हें लोग- डॅका शाह कहने लगे थे। ब्रिटिश अफ़सर इस बात से परेशान थे कि मौलवी के साथ हज़ारों लोग जुट रहें थे और बहुत सारे मुसलमान उन्हें पैगम्बर मानने लगे थे और समझते कि वह इस्लाम के आदर्शों से ओतप्रोत हैं। जब 1856 में वे लखनऊ पहुँचे तो पुलिस ने उन्हें शहर में उपदेश देने से रोक दिया। 1857 में उन्हें फ़ैजाबाद जेल में बंद कर दिया गया। रिहा होने पर उन्हें 22वीं नेटिव इन्फेंट्री के विद्रोहियों ने अपना नेता चुन लिया। उन्होंने चिनहट के विख्यात संघर्ष में हिस्सा लिया जिसमें हेनरी लॉरेंस की अगुवाई वाली टुकड़ियों को मुँह की खानी पड़ी। मौलवी साहब को उनकी बहादुरी और ताकत के लिए जाना जाता था। बहुत सारे लोग मानते थे कि उनको कोई नहीं हरा सकता; उनके पास जादुई शक्तियाँ हैं और अंग्रेज उनका बाल भी बाँका नहीं कर सकते। काफ़ी हद तक इसी विश्वास कारण उन्हें लोगों में इतना अधिकार प्राप्त था।<br>(i )मौलवी अहमदुल्ला शाह कौन थे?<br>(ii) उन्हे डंका शाह क्यों कहा जाता था ?<br>(iii) ब्रिटिशअधिकारियों के तनाव का क्या कारण था ?उन्होंने मौलवी की गतिविधिओं पर नियंत्रण के लिए क्या उपाय किये ? | 1<br>1<br>2 |

DoE, Delhi

<table>
<tr>
<td>34</td>
<td>

<u>मानचित्र आधारित प्रश्न</u>

(i) दिए गये भारत के राजनैतिक मानचित्र पर चिन्हित/दर्शाए गए 2 हड़प्पाई स्थानों की पहचान किजिये | (1x2)

(ii) दिए गये भारत के उक्त मानचित्र पर 1857 के विद्रोह स्थलो- मेरठ, कानपुर और झांसी को दर्शाइए | (1x3)




</td>
<td>5</td>
</tr>
</table>

टिप्पणी –यह प्रश्न द्रष्टिबाधित विद्यार्थियो के लिए प्रश्न संख्या **34** के स्थान पर है**-**

महात्मा बुद्ध के जीवन से सम्बंधित पांच महत्वपूर्ण स्थानों के नाम लिखें ? 5